


# रिपोर्ट टाइम्स मीडिया

## शेखावाटी का सबसे विश्वसनीय डिजिटल ई पेपर

**सुविचार -**
संस्कृति और संस्कारों की जननी मातृ भाषा है। इसलिए अपनी मातृ भाषा का सदैव उपयोग करें और उसे समृद्ध बनाने के लिए कार्य करें।


| शनिवार, 6 सितंबर 2025 भाद्रपद शुक्ल पक्ष चतुर्दशी | वर्ष 07 | अंक 26 | UAN NO. RJ 21D0011677 | reporttimes.in@gmail.com | www.reporttimes.in |
|---|---|---|---|---|---|

सवाई माधोपुर में भारी बारिश से प्रभावित क्षेत्र में पहुंचे आपदा प्रबंधन मंत्री किरोड़ी लाल मीणा ने लोगों से मिलकर उनकी पीड़ा जानी और मदद का आह्वान दिया।

### किसानों और बाढ़ पीड़ितों की पीड़ा जानने उनके बीच पहुंचे आपदा प्रबंधन मंत्री किरोड़ी लाल मीणा

# किरोड़ी मीणा बोले - किसानों को नुकसान की होगी भरपाई, राज्य सरकार जल्द ही करेगी मुआवजे की घोषणा

रिपोर्ट टाइम्स. सवाई माधोपुर। आपदा प्रबंधन एवं राहत मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा शुक्रवार को अपने विधानसभा क्षेत्र के दौरे पर रहे। अतिवृष्टि प्रभावित चकेरी, पढ़ाना, खाट, महू सहित आधा दर्जन से भी अधिक गांवों का दौरा किया और नुकसान का जायजा लिया। बाढ़ प्रभावित गांवों में लोगों की समस्याएं सुनी और हरसंभव मदद का भरोसा दिया. उन्होंने बाढ़ से हुए नुकसान की जानकारी ली। ग्रामीणों ने कृषि मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा को बताया कि गत दिनों की भारी बारिश के चलते बाढ़ से कई गांवों की सड़कें, पुलिया व रास्ते क्षतिग्रस्त हो गए। खेतों में फसलें तबाह हो गई। कई मकान धराशायी हो गए। खाने पीने का सारा सामान खत्म हो गया। बाढ़ प्रभावित गांवों में काफी नुकसान हुआ है। इस पर आपदा राहत मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा ने आश्वसन दिया कि सरकार हर छोटे से बड़े नुकसान की भरपाई करेगी। संकट की घड़ी में सरकार पूरी तरह से आपके साथ है। मंत्री किरोड़ी ने जिला कलेक्टर सहित संबंधित अधिकारियों को बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत एवं बचाव कार्य सहित बाढ़ से नुकसान का आंकलन कर आपदा प्रबंधन को भेजने के निर्देश दिए। मंत्री किरोड़ी लाल ने अतिवृष्टि के शिकार कई गांवों में लोगों की समस्याएं सुनी और अधिकारियों को राहत के लिए जरूरी कदम उठाने के निर्देश दिए। बता दें कि पिछले दिनों मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कलेक्टर, संभागीय आयुक्त, एसपी और आईजी से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए संवाद कर हालातों का जायजा लिया। इसके बाद सीएम ने अब अपने विधायक को और प्रभारी मंत्रियों को अपने-अपने क्षेत्र में सघन निरीक्षण करने के लिए मैदान में उतार दिया है। वहीं, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रशासन को सक्रिय करते हुए 5 से 7 सितंबर तक सभी विधायकों को अपने क्षेत्रों का सघन निरीक्षण करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने कहा कि प्रभारी मंत्री एवं विधायकगण अपने-अपने क्षेत्र में अधिकारियों और प्रशासन से नियमित रूप से फीडबैक लें। उन्होंने विधायकों को अपने क्षेत्र में जिला कलक्टर और उच्च अधिकारियों के साथ नियमित बैठक करने के निर्देश दिए। सीएम ने कहा कि विधायकों को प्रभावित क्षेत्रों में पहुंचकर लोगों का मनोबल बढ़ाने, निचले इलाकों से लोगों को समय पर सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने, भोजन पैकेट, पीने का पानी, दवाइयों एवं कपड़ो के वितरण की सतत निगरानी के भी निर्देश दिए. उन्होंने कहा कि अतिवृष्टि प्रभावित क्षेत्र में महिलाओं, बच्चों, बुजुर्गों एवं दिव्यांगजनों के लिए सुरक्षित अस्थायी आश्रय की व्यवस्था करवाएं।



### महाराष्ट्र डिप्टी सीएम अजीत पंवार की महिला आईपीएस से बहस

# बोले, "इतनी डेयरिंग है? मैं तुझ पर एक्शन लूंगा!"

पूजा शशांक निर्मल, रिपोर्ट टाइम्स. मुंबई। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार एक बार फिर विवादों में घिर गए हैं। सोलापुर के कुर्दु गांव में 31 अगस्त 2025 को अवैध मुर्रम खनन रोकने पहुंचीं IPS अंजना कृष्णा के साथ उनकी फोन और वीडियो कॉल पर तीखी बातचीत का ऑडियो और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। वायरल क्लिप में अजित पवार कथित तौर पर अंजना को कार्रवाई रोकने का आदेश देते हुए कहते हैं, "मैं डिप्टी CM बोल रहा हूं, कार्रवाई रोको और तहसीलदार को बताओ!" जब अंजना ने उनकी पहचान की पुष्टि के लिए डायरेक्ट कॉल मांगा, तो पवार भड़क गए और बोले, "इतनी डेयरिंग है? मैं तुझ पर एक्शन लूंगा!" इस घटना ने सियासी तूफान खड़ा कर दिया है।



# दो दिन के लिए बंद रहेंगे खाटूश्यामजी के पट

### श्रद्धालुओं के लिए श्याम मंदिर कमेटी ने जारी की सूचना

संजय दाधीच, रिपोर्ट टाइम्स. खाटूश्यामजी। खाटूश्याम जी मंदिर जाने वाले लाखों भक्तों के लिए बड़ी खबर है। अगर आप बाबा श्याम के दर्शन करने की योजना बना रहे हैं तो यह जानकारी आपके लिए बेहद जरूरी है। श्री श्याम मंदिर कमेटी के अनुसार चंद्रग्रहण के चलते मंदिर के पट दो दिन तक आम श्रद्धालुओं के लिए बंद रहेंगे। इस दौरान मंदिर में केवल धार्मिक परंपराओं के अनुसार विशेष पूजा-अर्चना और शुद्धिकरण कार्यक्रम होंगे, भक्तों को मंदिर में प्रवेश नहीं मिलेगा। श्री श्याम मंदिर कमेटी मंत्री मानवेन्द्र सिंह चौहान ने बताया कि 6 सितंबर की रात 10 बजे बाबा श्याम के पट बंद कर दिए जाएंगे। इसके बाद 7 सितंबर को पूरे दिन मंदिर में चंद्रग्रहण के कारण आम भक्तों के लिए प्रवेश दिया जाएगा। 8 सितंबर को भी सुबह से लेकर दोपहर तक केवल मंदिर की धार्मिक क्रियाएं और तैयारियां चलेंगी। इसके बाद 8 सितंबर की शाम को ग्रहण शुद्धिकरण और तिलक शृंगार के बाद शाम 5 बजे संध्या आरती से मंदिर के पट फिर से आम श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खोल दिए जाएंगे। श्री श्याम मंदिर कमेटी के पूर्व अध्यक्ष मोहनदास महाराज ने जानकारी दी कि 7 सितंबर की पूर्णिमा को चंद्रग्रहण होने के कारण मंदिर में नियमित सेवा-पूजा तो होगी, लेकिन श्रद्धालुओं को दर्शन का अवसर नहीं मिलेगा। वहीं, 8 सितंबर को भी मंदिर के पट आम भक्तों के लिए बंद रहेंगे। इस दिन मंदिर की धुलाई, मंगल आरती और तिलक शृंगार जैसे विशेष अनुष्ठान होंगे. परंपरा के अनुसार, ग्रहण के बाद मंदिर का शुद्धिकरण और विशेष पूजा-पाठ कर बाबा श्याम का शृंगार किया जाता है।

### जयपुर में जर्जर मकान ढहा, दो लोगों की दबने से हुई मौत

रिपोर्ट टाइम्स संवाददाता | जयपुर

जयपुर शहर के सुभाष चौक इलाके में शुक्रवार देर रात बड़ा हादसा हो गया। छीले का कुआं स्थित चार मंजिला जर्जर इमारत अचानक भरभराकर गिर गई. इस हादसे में 33 वर्षीय प्रभात और उनकी 6 वर्षीय बेटी पीहू की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि प्रभात की पत्नी सुनीता सहित वासुदेव, सुखना, सोनू, ऋषि गंभीर रूप से घायल हैं जिनका इलाज एसएमएस अस्पताल में चल रहा है। इमारत के मलबे में कुल 7 लोग दब गए थे। इनमें से चार को रात में ही रेस्क्यू कर लिया गया, जबकि तीन लोगों को सुबह बाहर निकाला गया। बीती रात प्रभात और उसकी बेटी पीहू की जिंदगी सोते-सोते ही हमेशा के लिए थम गई. सपनों से भरी नींद अचानक मौत की नींद में बदल गई।

### भाजपा प्रदेशाध्यक्ष बोले - डोटासरा अब बिगड़ गए



रिपोर्ट टाइम्स. जयपुर। कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने विधानसभा स्पीकर वासुदेव देवनानी के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने का संकेत दिया है। डोटासरा के इस बयान पर भले ही कांग्रेस नेताओं में अलग-अलग राय हो, लेकिन बीजेपी ने डोटासरा पर तंज कसना शुरू कर दिया है। बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि एक अच्छा व्यक्ति बिगड़ गया। पीसीसी चीफ डोटासरा अच्छे व्यक्ति थे, लेकिन इन दिनों बिगड़ गए हैं। उन्होंने अपने व्यक्तित्व को समाप्त करने की दिशा में आत्मघाती कदम कई उठाए हैं।

### ट्रंप बोले - मोदी हमेशा मेरे अच्छे दोस्त रहेंगे

एजेंसी | वॉशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत और अमेरिका के रिश्तों को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने भारत-अमेरिका संबंधों को 'बहुत विशेष संबंध' बताते हुए, यह पुष्टि की कि वह और प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी हमेशा दोस्त रहेंगे, उन्होंने कहा कि 'चिंता करने की कोई बात नहीं है।' हालांकि, उन्होंने इस बात पर नाराजगी जताई कि वर्तमान समय में वह (प्रधानमंत्री मोदी) क्या कर रहे हैं। न्यूज एजेंसी एएनआई के एक सवाल 'क्या आप इस समय भारत के साथ संबंधों को फिर से स्थापित करने के लिए तैयार हैं?' इस पर अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा कि मैं हमेशा तैयार रहूंगा। मैं हमेशा (पीएम) मोदी का दोस्त रहूंगा। वह एक महान प्रधानमंत्री हैं। मैं हमेशा उनका दोस्त रहूंगा।



## दहिया ने दी ट्यूबवेल की सौगात

### दहिया बोले - झेरली में नहीं रहेगी पेयजल की समस्या

आकाश वर्मा. रिपोर्ट टाइम्स. पिलानी। झेरली में भाजपा नेता राजेश दहिया ने नए ट्यूबवेल का विधिवत रूप से किया उद्घाटन। दहिया ने कहा कि किसी भी व्यक्ति को पीने के पानी के लिए परेशान नहीं होना पड़ेगा। इस दौरान गांव झेरली के ग्रामवासियों ने दहिया का तहे दिल से आभार जताया। कार्यक्रम में पिलानी नगर मंडल अध्यक्ष हर्षवर्द्धन सिंह , डुलानिया मंडल अध्यक्ष होशियार सिंह , नगर निकाय जिला संयोजक मुरलीमनोहर शर्मा, चिड़ावा नगर मंडल अध्यक्ष नरेंद्र गिरधर, पूर्व नगर मंडल अध्यक्ष बाबूलाल वर्मा, पार्षद मदन डारा, खेड़ला सरपंच रामसिंह, पूर्व सरपंच रहिताश धानक, मानसिंह श्योराण, मानसिंह महलाना, सुलतान सिंह सांखला, मातु सिंह, विजय सिंह, पृथ्वी सिंह, मूल सिंह, धर्मपाल, नंदू स्वामी, गजेंद्र सिंह, प्रदीप सिंह, रामपाल, बंटी गुप्ता, राकेश, रमेश मेघवाल, राजेश वर्मा तथा अनेक गणमान्य ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

# बाइक पर सवार होकर भारत भ्रमण पर निकले सतारा के विकास जगन्नाथ शिंदे का चिड़ावा पहुंचने पर स्वागत

**संजय दाधीच, ब्यूरो हेड | चिड़ावा**

चिड़ावा.महाराष्ट्र से बाइक पर सवार होकर भारत भ्रमण पर निकले सतारा के विकास जगन्नाथ शिंदे का चिड़ावा पहुंचने पर स्वागत किया गया। सामाजिक चेतना के लिए निकले शिंदे का विवेकानंद चौक में विवेकानंद मित्र परिषद ने माला पहनाकर स्वागत किया। इस मौके पर रोहिताश्व महला, संजय दाधीच, महेश शर्मा धन्ना, कमलकांत पुजारी, पंकज नूनियां, मनोज मान, मकरंद सूर्यवंशी, शिवहरि शर्मा, रमेश स्वामी, रमेश कोतवाल आदि मौजूद थे। कोर्ट रोड पर मराठा मित्र मंडल के सदस्य प्रशांत पाटिल, दिनेश मराठा, विजय शर्मा, नितिन सूर्यवंशी, और शुभम शर्मा ने अभिनंदन किया। भ्रमणकारी शिंदे ने बताया कि वे 12 में से आठ ज्योतिर्लिंगों की यात्रा पूरी कर चुके हैं। यात्रा का अगला पड़ाव केदारनाथ है, लेकिन अभी मंदिर बंद होने के कारण वे राजस्थान और दिल्ली का दौरा करने के बाद उत्तराखंड जाएंगे। उन्होंने बताया कि वे कामाख्या, त्रिपुरा सुंदरी, परशुराम कुंड, काली माता, कालीघाट, जगन्नाथ पुरी, कोणार्क, श्रीशैलम, तिरुपति बालाजी, कांचीपुरम, मदुरै, और रामेश्वरम जैसे कई अन्य महत्वपूर्ण धार्मिक स्थलों के दर्शन भी करेंगे। यात्रा एक नवंबर तक चलेगी।

### 12 ज्योतिर्लिंग के करेंगे दर्शन



शिंदे की यह यात्रा 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ', 'पेड़ लगाओ', 'पानी बचाओ' और 'प्लास्टिक मुक्त देश हो हमारा' जैसे सामाजिक संदेशों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से है। वे भारत की विभिन्न नदियों से पानी भी इकट्ठा कर रहे हैं। उनकी यह यात्रा 1 नवंबर तक चलेगी।



## एम डी ग्रुप ऑफ एजुकेशन में मनाया शिक्षक दिवस

### इस दौरान विशिष्ट प्रतिभाओं का किया गया सम्मान

कमलकांत पुजारी, रिपोर्ट टाइम्स. चिड़ावा । शहर की झुंझुनूं रोड़ स्थित एम. डी. ग्रुप ऑफ एजुकेशन परिसर में शिक्षक दिवस के अवसर पर प्रतिभा सम्मान समारोह हुआ । इस अवसर पर एम. डी. ग्रुप ऑफ एजुकेशन के चैयरमैन सुनील कुमार डांगी, डायरेक्टर समित डाँगी व मैनेजमेंट सदस्यों ने सरस्वती वंदना व दीप प्रज्वलित किया। कार्यक्रम में डॉ० सर्वपल्ली राधाकृष्ण के जन्मोत्सव पर मैनेजमेंट सदस्य व अध्यापक - अध्यापिकाओं ने केक काटकर अपने अपने विचार प्रस्तुत किये। प्रतिभा सम्मान समारोह में एम डी ग्रुप ऑफ एजुकेशन द्वारा लाखों के पुरस्कार वितरित किये गये जिनमें प्रियांशी पुत्री नरेन्द्र कुमार को माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान ,अजमेर द्वारा आयोजित बोर्ड परीक्षा में 99 प्रतिशत के साथ राजस्थान मेरिट में स्थान बनाने पर एक लाख रुपये नगद व प्रशस्ति पत्र ,अमित झाझड़िया पुत्र नरेन्द्र कुमार झाझड़िया द्वारा जे ई ई मेंस में जिला टॉपर रहने तथा आई. आई. टी. बी . एच. यू. में चयन होने पर 51 हजार रुपये नगद व प्रशस्ति पत्र व जिज्ञासा लाम्बा पुत्री मुकेश लाम्बा द्वारा 98.60 प्रतिशत के साथ बोर्ड मेरिट में स्थान बनाने पर 50 हजार रुपये नगद व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया । सम्मान की श्रृंखला में बोर्ड परीक्षाओं में सर्वश्रेष्ठ परीक्षा परिणाम देने वाले शिक्षकों को भी सम्मानित किया गया जिनमें नितीश कुमार वर्मा व डॉ. विवेक कुमार को 5100 रुपये नगद व स्मृति चिन्ह तथा सुनील कुमार पायल , गोपाल चंदेलिया , रविंद्र कुमार, जितेश कुमार यादव , सुभाष सैनी , अनिता सांगवान को 2100 रुपए नगद व मुकेश कुमार सैनी को 1100 रुपये नगद व प्रशस्ति देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र - छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिया । इस अवसर पर एम डी ग्रुप ऑफ एजुकेशन के समस्त सदस्य उपस्थित रहें।




## जीवनी इंटरनेशनल स्कूल में मनाया शिक्षक दिवस

### विद्यालय स्टाफ को प्रतीक चिन्ह देकर किया सम्मानित

रोहित कुमार, रिपोर्ट टाइम्स. चिड़ावा। जीवनी इंटरनेशनल स्कूल में शिक्षक दिवस समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांवरमल मील ,सचिव भगवती मील ,निदेशक रितेश मील एवं सिद्धि मील के आतिथ्य में कार्यक्रम आरंभ हुआ ।कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती एवं डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर एवं माल्यार्पण कर किया गया। प्रधानाचार्य राजेश वर्मा ने बताया कि संस्था के चेयरपर्सन सांवरमल मील ,सचिव भगवती मील ,निदेशक रितेश मील, सिद्धि मील द्वारा समस्त विद्यालय स्टाफ को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अनेक प्रकार की खेल प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें स्टाफ के सदस्यों ने आनंद के साथ भाग लिया। शिक्षक दिवस कार्यक्रम में बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम में प्रस्तुति देखकर सबका मन मोह लिया। अनेक गानों की धुन पर नृत्य प्रस्तुत किए गए । चेयरपर्सन सांवरमल मील ने शिक्षक दिवस के पावन पर पर समस्त स्टॉफ को बधाई देते हुए कहा कि 'शिक्षक उस दीपक की भांति है जो प्रकाश का संचार कर अज्ञान रूपी अंधेरे को दूर करता है।' निदेशक रितेश मील ने प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले विजेता अध्यापक एवं छात्रों को पुरस्कार वितरित कर शुभकामना दी। इस अवसर पर समस्त विद्यार्थी एवं अध्यापक गण , व ड्राइवर स्टॉफ उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय जाट महासंघ ने किया शिक्षकों का सम्मान



राजेन्द्र सिंह, रिपोर्ट टाइम्स. चिड़ावा। शिक्षक दिवस पर चिड़ावा स्थित महालक्ष्मी ज्वैलर्स सभागार में राष्ट्रीय जाट महासंघ के प्रदेशाध्यक्ष डॉ.विरेन्द्र क्यामसरिया के सानिध्य में शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों को साफा पहनाकर व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। आबकारी विभाग के सर्किल ऑफिसर डॉ. गिरधारी सिंह कुलहरी की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि क्षेत्रिय वन अधिकारी सुमन चौधरी थी। कार्यक्रम में महासंघ के जिला संयोजक मनरूप सिंह माठ, जिला सलाहकार डॉ. महेंद्र नेहरा, जिला महामंत्री कंवरपाल बलवदा एवं जिला प्रभारी कैप्टन कुलदीप मान ने आयें हुए अतिथियों का साफा व माला पहनाकर के स्वागत सम्मान किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि कनिष्ठ अभियंता दीपिका गोदारा ने शिक्षक दिवस पर सम्मानित होने वाले शिक्षकों को बधाई दी। अतिथियों द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर सीबीईओ डॉ. उमादत झाझडिया, एसीबीईओ सुरेश पायल, पीटीआई जयसिंह धनखड़, वरिष्ठ अध्यापक राजवीर सिंह चनाना, अध्यापक राजेन्द्र झाझडिया एवं अध्यापक अंकित लाम्बा को उल्लेखनीय कार्य करने पर मुख्य अतिथि क्षेत्रिय वन अधिकारी सुमन चौधरी एवं कार्यक्रम के अध्यक्ष सर्किल अधिकारी सीआई डॉ. गिरधारी सिंह कुलहरी द्वारा प्रमाण पत्र व साफा पहनाकर सम्मानित किया गया।

## युवा व्यवसायी सुनील मंड्रेलिया का किया अभिनंदन

**अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के प्रदेश उपाध्यक्ष बने है मंड्रेलिया**



**शिवानंद, रिपोर्ट टाइम्स. चिड़ावा।**

युवा व्यवसायी सुनील मंड्रेलिया के अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन की पूर्वी राजस्थान प्रदेश इकाई का उपाध्यक्ष बनने पर विवेकानंद चौक में एक सम्मान समारोह हुआ, जिसमें मंड्रेलिया का माला और दुपट्टा पहनाकर अभिनंदन किया गया। युवा वैश्य समाज द्वारा आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने मंड्रेलिया को मिठाई खिलाकर बधाई दी। इस मौके पर सोनू मंड्रेलिया, विशाल हलवाई, पार्षद अंकित भगेरिया, मयंक अग्रवाल, सुरेश डालमिया, आदित्य बाछूका, पीयूष रामभरोसा, सुमित केडिया, नितिन केडिया, रोहित केडिया, विशाल सुल्तानिया, राहुल मोदी, युवा नेता पीयूष बाछूका, आशीष भगेरिया, गौरव बाछूका, यश बाछूका सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति और समाज के लोग उपस्थित रहे।

## सीबीईओ कार्यालय में एसीबीईओ कक्ष का उद्घाटन



योगेश शर्मा, रिपोर्ट टाइम्स. चिड़ावा। चिड़ावा.मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कार्यालय चिड़ावा में एसीबीईओ कक्ष का उद्घाटन नारकोटिक्स विभाग के कमिश्नर संजय राव ने किया। समारोह में महालक्ष्मी ज्वेलर्स के जयसिंह माठ ने शिक्षकों का माला, साफा व प्रतीक चिह्न देकर सम्मान किया। भामाशाह एवं समाजसेवी अशोक वर्मा ने कार्यालय में सोफा सेट, भामाशाह जयसिंह मांठ ने एसी भेंट की। सीबीईओ डॉ.उमादत्त झाझडिया ने आभार जताया। इस मौके पर एसीबीईओ सुरेश पायल, प्रधानाचार्य अजीत राव, राजकुमार बलोदा, कपिल अहलावत, जयसिंह धनकड़, व्याख्याता अमित कुमार, करणसिंह पायल आदि मौजूद थे।